दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

SJT

वर्ष-11, अंक-311 शुक्रवार 11 नवम्बर, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में शूटिंग चैंपियनशिप सम्पन्न

## एयर पिस्टल में शुभम बिसला ने 580 अंक अर्जित कर प्राप्त किया प्रथम स्थान

**बल्लभगढ़, 10 नवम्बर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में वीरवार को महर्षि दयानंद कॉलेज की चार दिवसीय शूटिंग चैंपियनशिप का समापन हुआ। प्रतियोगिता के 10 मीटर एयर पिस्टल में शुभम बिसला ने 580 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, डीएवी कॉलेज के हरदीप व अग्रवाल कॉलेज के शुभम दोनों ने ही 574 अंक अर्जित किए लेकिन तकनीकी रूप से हरदीप को द्वितीय व शुभम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ कएयर राइफल में एम.डी यूनिवर्सिटी (यूटीडी) के हितेश मलिक ने 589 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।



विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते कॉलेज के प्रचार्य के के गुप्ता।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

एस.डी.एस कॉलेज सोनीपत के मयंक ने 583 अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान, अँकित रंधावा (जाट कॉलेज) रोहतक ने 582 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया क10 मीटर एयर राइफल के महिला प्रतिस्पर्धा में धृति जाट कॉलेज ने 594 अंक अर्जित कर स्वर्ण पदक हासिल किया और जाट कॉलेज की ही अंतिल ने 591 अंक अर्जित कर रजत पदक प्राप्त किया एम.के.जे.के महाविद्यालय रोहतक की निशानेबाज काजल ने 588 अंक अर्जित कर कांस्य पदक पर अपनी दावेदारी दी।

10 मीटर एयर पिस्टल की पुरुष प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की टीम ने 1726 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया सीआरए कॉलेज सोनीपत ने 1703 अंक अर्जित कर दूसरा स्थान व वैश कॉलेज रोहतक के निशानेबाजों ने 1690 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी व जो जीत नहीं पाए उन्हें प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पैराओलिंपिक स्वर्ण पदक विजेता मनीष नरवाल का उदाहरण देते हुए कहा कि जीतने का जज्बा चैन से सोने नहीं देता और हमेशा मेहनत करने के लिए झकझोरता रहता है,मेहनत की चोट ही एक खिलाड़ी को सफलता की ओर ले जाती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक वर्ग से मैडम कमल टंडन डॉ.जयपाल सिंह व डॉ. नरेश कामरा मौजूद रहे। प्रायोगिता के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य जी ने महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह व श्री मोहित हुडा व पूरी टीम को बधाई दी।